# कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, उत्तर वनमण्डल शहडोल (म.प्र.)

☎- 07652-245167 ई-मेल- dfotnshahd@mp.gov.in

क्रमांक/मा.चि./2025/ शहडोल/ दिनांक /2025

प्रति,

कार्य पालन यंत्री
जल संसाधन संभाग क्र.-2
जिला शहडोल (म.प्र.)

शाखा - भारसाधक
दिनांक - 5/5/25
लिपिक

**विषय :-** जिला शहडोल के अन्तर्गत दियापीपर जलाशय निर्माण के लिये 3.077 हेक्टर वनभूमि जल संसाधन विभाग को उपयोग पर देने बावत्।

संदर्भ :-
1. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू-प्रबंध) म.प्र. भोपाल का पृष्ठा. क्रमांक/एफ-3/68/2017/10-11/13/4785 दिनांक 06.09.2024।
2. वनमण्डलाधिकारी वनमण्डल दक्षिण शहडोल का पृष्ठा. क्रमांक/मा.चि./2024/7784 दिनाक 11.09.2024।
3. कार्यालयीन पत्र का क्रमांक/मा.चि./2024/5778 दिनांक 27.09.2024।
4. वनमण्डलाधिकारी वनमण्डल दक्षिण शहडोल का पत्र क्रमांक/मा.चि./2025/4167 दिनांक 02.05.2025।

4790
6/5/25

--00--

विषयान्तर्गत सन्दर्भित पत्र क्रमांक 03 का अवलोकन करे। दक्षिण वनमण्डल अंतर्गत दियापीपर जलाशय निर्माण हेतु 3.077 हे. वनभूमि के बदले वनमण्डल उत्तर शहडोल अंतर्गत वैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु गैर वनभूमि उपलब्ध कराई गई है। पूर्व में आपके द्वारा ग्राम करौंदिया के खसरा क्रमांक 181/1/ख रकबा 3.14 हे. में से 3.077 हे. भूमि उपलब्ध कराई गई थी। उक्त भूमि पर वनीकरण योजना हेतु राशि 26,44,871 रू. मांग की गई थी। आपके द्वारा उक्त राशि ऑनलाईन ई-पोर्टल के माध्यम से कैम्पा मद में जमा की गई थी। उक्त प्राप्त गैर वनभूमि पर वृक्षारोपण हेतु उपयुक्त न होने के कारण पुन: कलेक्टर जिला शहडोल द्वारा ग्राम रसपुर के खसरा क्रमांक 1336/1 में 3.077 हे. गैर वनभूमि उपलब्ध कराई गई है। जिस पर क्षतिपूर्ति वनीकरण योजना तैयार की गई जिसकी राशि 27,38,530 रू. है। जो आपके द्वारा जमा राशि में 93,659 रू.का अंतर है।

अत: संदर्भित 01 व 02 के निर्देशानुसार अंतर की राशि 93,659 रू. ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से कैम्पा मद में जमा कर बैंक स्टेटमेंट, जमा रशीद UTR नंबर सहित जानकारी से इस कार्यालय को अतिशीघ्र अवगत करावें।

वनमण्डलाधिकारी
उत्तर वनमण्डल शहडोल (म.प्र.)
शहडोल/दिनांक 5/5/2025

पृ.क्रमांक/मा.चि./ 3006

प्रतिलिपी :-

1. वन संरक्षक वन वृत्त शहडोल (म.प्र.) की ओर सूचनार्थ सम्प्रेपित।
2. वनमण्डलाधिकारी वनमण्डल दक्षिण शहडोल म.प्र. की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

वनमण्डलाधिकारी
उत्तर वनमण्डल शहडोल (म.प्र.)



D:\DFO Backup\D\dm\date wise work\manchitrakar\2024\memo 2.docx\••_DP_••

# कार्यालय वन मण्डल अधिकारी दक्षिण वनमण्डल शहडोल

## जिला-शहडोल 484001 (मध्य प्रदेश)

फोन (कार्या-२४०३०४) (निवास-२४१४४३) (फैक्स-२४०३०४) ई-मेल- dfotsshahd@mp.gov.in

क्रमांक/मा.चि./2023/ 4165

शहडोल, दिनांक : 02/05/2023

प्रति,

**कार्यपालन यंत्री**
**जल संसाधन संभाग क्र. २**
**शहडोल म.प्र.**

विषयः– जिला शहडोल के अन्तर्गत दियापीपर जलाशय निर्माण के लिये 3.077 हेक्टेयर वनभूमि जल संसाधन विभाग को उपयोग पर देने बावत्।

संदर्भ :– 1. अपर मुख्य सचिव वन मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल द्वारा आयोजित कांफ्रेसिंग दिनांक 28.04.2025
2. प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) म.प्र. भोपाल के पत्र क्र./एफ–3/68/20174/10–11/13/8784 दिनांक 06.09.2024
3. इस कार्यलय का पत्र क्र./माचि/7783 दि. 11.09.2024 एवं 10130 दिनांक 23.12.2024

☆☆☆

विषयांकित संदर्भित पत्र क्रमांक–3 का अवलोकन करें, जिसमें आपके द्वारा अधिरोपित शर्तो का पालन प्रतिवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किया गया था, जिसे वन संरक्षक महोदय शहडोल के माध्यम से अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक भू प्रबंध भोपाल को प्रेषित किया गया है।

अपर मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) म.प्र. भोपाल द्वारा संदर्भित पत्र क्र. 2 से बिदु क्र. 1 से 3 की पूर्ति हेतु प्रकरण वापस किया गया था, जिसमें बिन्दु क्र. 1 की पूर्ति आपके द्वारा की जानी थी जिसे पूर्ति कर प्रस्तुत करने हेतु संदर्भित पत्र क्र. 3 से बार–बार लेख किया गया परन्तु आपके द्वारा आज दिनांक तक कार्यवाही आपेक्षित है।

अपर मुख्य सचिव वन मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल द्वारा उक्त प्रकरणों के संबंध में दिनाक 28.04.2025 को वीडियो कांफ्रेसिंग आयोजित की गई जिसमें आवेदक विभाग एवं संबंधित वनमण्डलाधिकारी से प्रकरण लंबित होने के संबंध में चर्चा की गई। उक्त प्रकरण दिनांक 22.05.2018 से वनमण्डल के पोर्टल में लंबित होने के कारण अपर मुख्य सचिव वन मंत्रालय द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए शीघ्र कार्यवाही पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये हैं।

अतः मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) म.प्र. भोपाल द्वारा संदर्भित पत्र क्र. 2 के पालन में बिन्दु क्र. 1 की कार्यवाही तीन दिवस के अन्दर पालन प्रतिवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। समयावधि में प्राप्त न होने पर यह मान लिया जायेगा कि आपको उक्त परियोजना की आवश्यकता नहीं मानते हुए प्रतिवेदन वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित किया जायेगा, जिसके लिए आप स्वयं जवाबदार होंगे। समय सीमा का विशेष ध्यान दिया जाना सुनिश्चित करें।

श्रद्धा पन्द्रे
वन मण्डल अधिकारी
दक्षिण शहडोल वन मण्डल
29/4/25

पृ0क्रमांक/मा.चि./2023/ 4166

शहडोल, दिनांक : 02/05/2023

**प्रतिलिपिः**- वन संरक्षक, वन वृत्त शहडोल की ओर सूचनार्थ सादर सम्प्रेषित।

वन मण्डल अधिकारी
दक्षिण शहडोल वन मण्डल
29/4/25

o/c

D:\YEAR 2023\VM\LATTER DM 2023.docx990

# कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष–भू प्रबंध), वन भवन, मध्यप्रदेश, भोपाल

सी–ब्लॉक, द्वितीय तल, लिंक रोड नं.–2, तुलसी नगर, भोपाल–462003

क्रमांक / एफ–3 / 68 / 2017 / 10–11 / 13 / 4784 भोपाल, दिनांक 6-9-24

प्रति,

मुख्य वन संरक्षक, (क्षेत्रीय)
शहडोल वृत्त, शहडोल,
मध्यप्रदेश।

**विषयः–जिला शहडोल के अन्तर्गत दियापीपर जलाशय निर्माण के लिये 3.077 हेक्टयर वन भूमि जल संसाधन विभाग को उपयोग पर देने बाबत्।**

संदर्भः–1.आपका पत्र पत्र क्रमांक / माचि / 2024 / 3893, दिनांक 12.08.2024

2.इस कार्यालय का पत्र क्रं. / एफ–3 / 68 / 2017 / 10–11 / 13 / 1731, दिनांक 01.05.2023

––0––

विषयांतर्गत संदर्भित पत्रों का अवलोकन हों। प्रकरण में आपके द्वारा पुनः सैद्धांतिक स्वीकृति में अधिरोपित शर्तो का अपूर्ण पालन प्रतिवेदन इस कार्यालय को प्रेषित किया है। जिसके परीक्षण करने पर निम्न कमियां पाई गई है :–

1. प्रकरण में कलेक्टर, जिला शहडोल के आदेश पत्र दिनांक 16.06.2021 से ग्राम रसपुर खसरा नं. 1336/1 रकबा 52.050 हे0 में से 3.077 हे0 नवीन गैरभूमि की के.एम.एल. फाईल,एवं सर्वे आफ इंडिया की टोपोशीट पर चिन्हित करते हुए जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई है, और न ही नवीन गैर वनभूमि की जानकारी पोर्टल पर अपलोड की गयी है।
2. प्रकरण में आवेदक विभाग से क्षतिपूर्ति वनीकरण हेतु राशि रूपये 26,44,871/– ई–पोर्टल के माध्यम से एड हॉक कैम्पा मद मे जमा की गई है। जबकि संदर्भित पत्र के साथ संलग्न योजना राशि रूपये 27,38,530/– तैयार कर प्रेषित की गई है, जिसकी अन्तर की राशि आवेदक विभाग से आनलाईन कैम्पा मद में जमा नहीं करवाई गयी है।
3. शर्त संख्या–9 के पालन में वनमण्डलाधिकारी, दक्षिण शहडोल की निर्धारित प्रारूप भाग–II में अनुशंसा प्रस्तुत नहीं की गई है, और न ही पोर्टल पर अपलोड की गयी है।

अतः उपरोक्त बिन्दुओं की पूर्ति करने के उपरांत जानकारी कर इस कार्यालय को प्रस्तुत शीघ्र प्रस्तुत करें।

06/09/24

(एच.एस.मोहन्ता)
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)
मध्यप्रदेश, भोपाल

पृ. क्रमांक / एफ–3 / 68 / 2017 / 10–11 / 13 / 4785 भोपाल, दिनांक 6-9-24

प्रतिलिपिः–

1. वनमंडलाधिकारी, दक्षिण (सा0) वनमंडल शहडोल, मध्यप्रदेश।
2. वनमंडलाधिकारी, उत्तर (सा0) वनमंडल शहडोल, मध्यप्रदेश।
3. कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग क्र0–2, शहडोल, मध्यप्रदेश।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

06/09/24

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)
मध्यप्रदेश, भोपाल

शाखा :- मा०चि०
दिनांक :- 09/09/24
मु०लि० व०म०अ०

2337
9/9/24

D:\AJ\Data-irrigation\Section F-3 (Part-III).docx